हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 21 मार्च 2026



# जमीन की कीमत से अधिक भू-भाटक राशि, दोहरे मापदंड से शहरवासी परेशान

## आबादी की भूमि मानी जाती है नजूल, रियायत नहीं दे रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जमीन की कीमत से अधिक भू-भाटक राशि अदा करने के आदेश से परेशान लोगों की मांग पर भी अब तक प्रदेश सरकार ने कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया है। जबकि शहर के हजारों लोग इससे प्रभावित है। नगरीय क्षेत्रों में शामिल गांवों की शासकीय भूमि अथवा आबादी की भूमि नजूल मानी जाती है। कथित घोषित नजूल भूमि में दो तरह से काबिज होने के तथ्य हैं। एक तथ्य यह है कि रहवासी द्वारा मकान निर्मित कर आवास किया जाता है अथवा भूमि का कब्जा रखता है। उन्हें ग्राम पंचायत से पूर्व में पट्टा नहीं मिला।

ऐसी नजूल भूमि पर कब्जेदार के पास अपने हक के प्रमाण में कोई दस्तावजे साक्ष्य नहीं होता है। ऐसे साक्ष्य विहिन के कब्जे पर निर्धारित मानक पद दर पर चालू वर्ष से निर्धारण होगा। कब्जेदारी का दूसरा स्वरूप भूमि स्वामियों का होता है। ऐसी घोषित नजूल भूमि के भू-स्वामी होने का दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किया जाता है तो ऐसे भू-धारक से न तो कोई प्रीमियम लिया जाएगा और न ही वार्षिक भू-भाटक निर्धारित किया जाएगा। ऐसी भूमि संबंधित भू-स्वामी द्वारा भूमि स्वामी हक पर ही धारित होगी।

अलग खबर

### निर्देशों की हो रही अवहेलना

प्रीमियम एवं भाटक निर्धारित की प्रचलित प्रक्रिया में विसंगतियां है। एक तो यह कि पट्टा आबंटन प्रक्रिया के सरलीकरण की मार्गदर्शिका दिनांकित 12.2.15 की संबंधित कंडिका 2.1 में स्पष्ट उल्लेखित है कि भू-स्वामी होने के दस्तावेज प्रस्तुत होने पर भी उसके पट्टे बनाए जा रहा है तथा भू-भाटक निर्धारण उपरोक्त अधिसूचना की कंडिका 2.1 के निर्देशों की अवहेलना करते हुए भाटक निर्धारण कब्जे अथवा स्वामित्व दिनांक से चालू वर्ष की दर से लिया जा रहा है।



### विस अध्यक्ष ने भी लिखा पत्र

आश्चर्यजनक है कि विभागीय सचिव एवं विभागीय मंत्री विभाग में प्रचलित विसंगति को समझने को तैयार नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष के अपने क्षेत्र राजनांदगांव शहर में आम जनता के साथ विरोध का भेदभाव कहां तक उचित है। कानून की स्पष्ट मंशा भू-स्वामी के प्रीमियम एवं भू-भाटक नहीं लेने की है तथा पट्टेदार से कर निर्धारण चालू वर्ष में आगामी 30 वर्ष के लिए भू-भाटक निर्धारण की है।

### मौजूदा कीमत से अधिक भू-भाटक

इन जिले में और विशेषकर नगर निगम क्षेत्र में दिशा-निर्देशों की अवहेलना करते हुए भू-स्वामी से भी भाटक निर्धारित किया जा रहा है। ऐसा भू-भाटक वर्षों पचासो वर्ष पूर्व से भी ज्यादा एवं चालू वर्ष प्रभावशील दरों के आधार पर 51=52 से अथवा 61=62 से आदि पूर्व वर्षों से निर्धारण किया जा रहा है। परिणामस्वरूप मकान की या जमीन की वर्तमान कीमत से कई गुना हो रहा है। वर्षों से इस विसंगति को ग्राहय किया गया है। कई प्रकरण रिकार्ड में है। जिसमें लाखों एवं करोड़ों का राजस्व मांग पत्र जारी हो रहा है।

---

## जिलेभर में हाउस लिस्टिंग का काम शुरू, प्रशिक्षण भी दिया जा चुका

# जनगणना में हर परिवार से पूछेंगे 33 सवाल, मई से होगा डोर-टू-डोर सर्वे

### फर्श की सामग्री, फोन और कार के प्रकार की भी ली जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनगणना 2026 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू की जा चुकी है। गणनाकर्ताओं को ट्रेनिंग देने के साथ ही मकानों की जियो टैगिंग से मैपिंग की जा चुकी है। हर परिवार से इस बार जनगणना के तहत कुल 33 तरह के सवाल पूछे जाएंगे। जिनमें उनके घर के फर्श पर लगने वाली सामग्री से लेकर परिवार के सदस्यों के फोन, घर में उपयोग किए जाने वाहनों की भी जानकारी जुटाई जाएगी। जिले में करीबन चार हजार सरकारी कर्मचारियों की तैनाती इस जनगणना में की जाएगी।

एक मई से शुरू हो रही जनगणना के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। इस बार नागरिक डिजिटल तरीके से अपनी जानकारी सरकार तक पहुंचा सकेंगे। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जानकारी देने नागरिकों को इंडियन सेंसस डाटा कलेक्शन पोर्टल पर लॉग-इन करना होगा। यहां नागरिकों से 33 तरह के प्रश्नों का जवाब मांगा जाएगा। यही जवाब मांगने डोर-टू-डोर सर्वे भी होगा। जनगणना के लिए जिले में लगभग चार हजार कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। अभियान के तहत जिले में लगभग डेढ़ लाख घरों की मैपिंग करने का टारगेट तय किया गया है। घरों की जियो टैगिंग से मैपिंग करने के बाद कर्मियों को रवाना किया जाएगा। जनगणना में पहली बार यह भी पूछा जाएगा कि आपके मकान के फर्श, दीवार और छत में कौन सी सामग्री का उपयोग किया है। 1 मई से 14 जून तक चलने वाले पहले चरण के तहत मकान गणना होगी। गणना के सवालों में घर, परिवार, टॉयलेट, संचार माध्यमों और घर में वाहनों के बारे में भी पूछा जाएगा। दो चरण में होने वाली गणना ऑनलाइन और ऑफलाइन होगी।



### पिछली जनगणना में पौने 9 लाख थी जिले की आबादी

2011 की जनगणना के अनुसार राजनांदगाँव जिले की जनसँख्या 884742 थी इनमें पुरुष की संख्या 440216 और महिलाओं की संख्या 444526 थी। जिले का जनसंख्या घनत्व 273 व्यक्ति/वर्ग किमी था और 2001-2011 दशक में इसकी जनसंख्या वृद्धि दर 19.82% थी। उस दौरान जिले की साक्षरता दर 78.46 थी। राजनांदगाँव जिले में हर 1000 पुरुषों के लिए 1017 महिलाओं का लिंगानुपात उस दौरान सामने आया था।

### विवाहित जोड़े, फोन नंबर भी पूछेंगे

जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले 33 सवालों में कई तरह के सवाल शामिल हैं। इनमें आपसे पूछा जाएगा कि घर में विवाहित जोड़े कितने हैं। रसोई व एलपीजी-पीएनजी कनेक्शन, खाना बनाने में मुख्य ईंधन, रेडियो, टीवी, इंटरनेट तक पहुंच, लैपटॉप-कम्प्यूटर, मोबाइल-स्मार्टफोन-टेलीफोन, साइकिल-स्कूटर-बाइक-मोपेड, कार-जीप-वैन, मुख्य रूप से खाया जाने वाला अनाज और मोबाइल नंबर आदि के बारे में पूछा जाएगा।

### इस तरह के सवाल शामिल

जनगणना में नागरिकों से संख्या, फर्श की सामग्री, घर की दीवार की प्रमुख सामग्री, छत, घर का उपयोग, स्थिति, परिवार संख्या, घर में व्यक्तियों की संख्या, मुखिया का नाम व लिंग, परिवार का मुखिया एससी-एसटी-अन्य से संबंधित है। स्वामित्व की स्थिति, परिवार के स्वामित्व वाले आवासीय कमरों की संख्या, पीने के पानी का मुख्य स्रोत, पेयजल के स्रोत की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्रोत, शौचालय है या नहीं, शौचालय का प्रकार, अपशिष्ट जल निकास, स्नान सुविधा जैसे सवाल पूछे जाएंगे।

### पहली बार डिजिटल जनगणना

ज्ञात हो कि इससे पहले 2011 में की गई जनगणना के दौरान डिजिटल माध्यम का उपयोग नहीं किया गया था, लेकिन इस बार पहली आधुनिकता के बढ़ते दौर को देखते हुए देश की पहली डिजिटल जनगणना होने जा रही है। जिसमें जिले में ही चार हजार से अधिक गणनाकर्ता शामिल होंगे। आंकड़े मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से एकत्र किए जाएंगे, जो एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे, ताकि बेहतर गुणवत्ता के आंकड़े सुनिश्चित किए जा सकें।

---

# सड़क निर्माण में लापरवाही ठेकेदार पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पनेका से बांकल जाने वाली सड़क के निर्माण में सामने आई लापरवाही की शिकायत के बाद प्रशासन भी एक्शन मोड में आ गया है। कलेक्टर जितेंद्र यादव ने तत्काल संबंधित ठेकेदार पर जुर्माना लगाने के निर्देश जारी करने के साथ ही सड़क के दोबारा निर्माण के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने संबंधित विभाग को कहा है कि जिलेभर में जारी कार्य की मॉनिटरिंग की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी ऐसा गुणवत्ताहीन कार्य नहीं किया जाए।



राजनांदगांव के पनेका में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी 2.5 किमी सड़क का वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें ग्रामीण हाथ से ही सड़क की परत उखाड़ते दिख रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इसमें घटिया क्वालिटी के मटेरियल का इस्तेमाल किया गया है। जिसके कारण सड़क बनने के कुछ ही दिनों में टूट रही है। बताया गया कि सड़क का निर्माण 51 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा था। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कार्य क्षेत्र में ऐ से गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

**कलेक्टर सख्त, कार्रवाई के आदेश:** पनेका से बांकल के बीच बन रही सड़क में गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायत के बाद जहां कलेक्टर ने एक्शन मोड अपना लिया है। वहीं इससे पहले भी कलेक्टर जितेंद्र यादव ने बैठक के दौरान निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने और निर्धारित समय-सीमा में काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे। गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य पाए जाने पर, जहां काम मानक स्तर का नहीं है, उन सड़कों को दोबारा बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

**पैर से उखड़ रहा डामर:** पनेका से बांकल के बीच बन रही सड़क की गुणवत्ता इतनी खराब थी कि वहां के निवासियों ने सड़क बनने के कुछ घंटे के बाद ही उसे अपने पैर से उखाड़ने का प्रयास किया तो सड़क उखड़ने लगी। जिसके बाद नाराज ग्रामीणों ने फावड़े से भी सड़क का डामर हटाया। वीडियो में मौके पर संबंधित विभाग के अफसर भी दिखाई दे रहे है। हालांकि शिकायत के बाद मरम्मत कार्य भी किए जाने की बातें कही जा रही है।

### कच्ची महुआ शराब जब्त

**मोहला।** चिल्हाटी पुलिस ने 21 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी लोकेश सहारे 30 साल ग्राम हज्जूटोला को गिरफ्तार किया है। घर के अंदर एक काला रंग का प्लास्टिक बाल्टी के अंदर रखे दो अलग-अलग सफेद रंग के पारदर्शी पॉलीथिन में बंद शराब 21 लीटर को जब्त किया गया।

फार्म हाउस भूमि बेचना हैं

50 डिसमिल भूमि जिसका फ्रंट 155 है। तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मार्ग से 200 मीटर अन्दर डामर रोड पर ग्राम मुड़पार स्थित बेचना है।

- संपर्क करें -
9243901653
8770053130

कमर्शियल प्लाट बेचना हैं

12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।

- संपर्क करें -
7770999355
9302526909

---

माए एंगल




# अफीम की खेती, पूर्व सीएम ने भाजपा को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शुक्रवार को जिले के दौरे पर पहुंचे। मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के लिए जाते समय स्थानीय राम दरबार के समीप कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत करने कांग्रेसियों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, हेमा देशमुख, रमेश खंडेलवाल, अमित चंद्रवंशी, माया शर्मा, सूर्यकांत जैन, अमित खंडेलवाल, ऋषि शास्त्री, विवेक वासनिक, अब्दुल कलाम खान, सुरेंद्र देवांगन, बंटी यादव, डॉ. आर कुमार, विशु अजमानी, मुस्तफा जोया, भोला यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धर्म स्वतंत्र्य विधेयक लागू होने की तिथि बताए

प्रदेश में लगातार मिल रहे अफीम की खेती मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय जनता पार्टी और प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते कहा कि भाजपा के लोग प्रदेश में अफीम की खेती कर रहे हैं। एक के बाद एक लगातार अफीम की खेती के मामले आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन इस मामले में लीपापोती करने लगा हुआ है। वहीं उन्होंने धर्म स्वतंत्र्य बिल को लेकर कहा कि वर्ष 2006 में डॉ. रमन सिंह ने इस बिल को पारित कराया था, जो 2026 तक राज्यपाल और राष्ट्रपति के पास पड़ा रहा, अभी उसको वापस किया है। उन्होंने कहा कि इसमें कमी क्या थी राज्यपाल और राष्ट्रपति उनके है, फिर वापस क्यों हुआ, वह भी भाजपा सरकार में पारित हुआ था। अभी यह बिल पारित किया गया है, लागू कब होगा तिथि बताना चाहिए।

---

### शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी यात्रा, दिनभर में कई आयोजन

# झूलेलाल जयंती पर निकली शोभायात्रा, झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

झूलेलाल जयंती का पर्व शहर में सिंधी समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजनों के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में झूलेलाल सांई की आकर्षक झांकियां बनाई गई थी।





झूलेलाल जयंती पर शहर में बाइक रैली शोभायात्रा निकाली गई। सुबह यह बाइक रैली शहर के लालबाग से निकलकर विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते चौखड़ियापारा स्थित झूलेलाल नगर पहुंची, जहां पूजा-अर्चना पश्चात लंगर प्रसादी का वितरण किया गया। वहीं देर शाम झूलेलाल नगर से निकली भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान लाल सांई का जयकारा लगाते समाज के लोग सांई भजनों पर झूमते चल रहे थे।

### रात में किया गया भंडारा

झूलेलाल जयंती के अवसर पर सुबह से देर रात तक आयोजनों का दौर जारी रहा और आयोलाल झूलेलाल का नारा लगते हुए भगवान झूलेलाल सांई की महाआरती कर समाज के लोगों ने एक-दूसरे को झूलेलाल जयंती की बधाई दी । वहीं झूलेलाल घाट पर विशेष सजावट और बहराणा साहब का विसर्जन कर रात में भंडारा किया गया।

### झूलेलाल घाट पर आयोजन

सिंधी समाज द्वारा शहर में निकाली गई इस भव्य शोभायात्रा में भगवा ध्वज लेकर समाज के लोग चल रहे थे। वहीं देर शाम झूलेलाल नगर से प्रारंभ की गई यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर त्रिवेणी परिसर स्थित झूलेलाल घाट पहुंची, जहां एक शाम झूलेलाल के नाम चेट्रीचंड्र महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संजीवनी नर्सिंग होम

हार्ट एंड न्यूरोकेयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

आज शनिवार को उपलब्ध

| एंडोक्रिनोलोजिस्ट सुपरस्पेशलिस्ट परामर्श | न्यूरो रोग परमर्श |
| --- | --- |
| डॉ. रजत देब | डॉ. सुशांत |
| DM Endocrinologist, MD Medicine | MBBS, DNB (Neorology) |
| प्रत्येक शनिवार समय सुबह 10 से 2 बजे तक | प्रत्येक शनिवार समय सुबह 11 से 4 बजे तक |
| रोग/लक्षण वाले मरीज अवश्य संपर्क करें:- | रोग/लक्षण वाले मरीज अवश्य संपर्क करें:- |
| हाई कोलेस्ट्रॉल, पुरूषों के स्तन वृद्धि, बच्चों में छोटा कद, मोटापा, महिलाओं के चेहरे में अधिक बाल | लकवा (स्ट्रोक), पार्किंसंस, साइटिका, रीड की हड्डी की तकलीफ, मस्तिक ज्वर, ब्रेन एवं नसों से संबंधित समस्याएं |

आयुष्मान भारत कार्ड ESIC/CGHS

राज्य शासन के कर्मचारी एवं आश्रितों के लिए एकमात्र अस्पताल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)

24/7 संपर्क नंबर: 07744-299988/82699-24365/88279-24365

## खबर संक्षेप

### हर्षित का नवोदय में चयन



**तुमडीबोड़।** हरदीटेका निवासी अगबर वर्मा के पुत्र हर्षित वर्मा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल के लिए हुआ है। हर्षित केजूराम चौरे स्मृति विद्या मंदिर देवरी में अध्ययनरत है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुरषोत्तम वर्मा, मुकेश वर्मा, कौशल वर्मा, आशीष वर्मा, जिपं सदस्य महेंद्र यादव, सितेश वर्मा, नवीन वर्मा, डकेश वर्मा, मूलचंद लोधी, लोकेश वर्मा, जितेन्द्र वर्मा आदि ने बधाई दी है।

### संगठन को मजबूत करने में जुटे साहू



**जालबांधा।** भाजपा कार्यकर्ता जयप्रकाश साहू इन दिनों पश्चिम बंगाल के चिनचुरा विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने जुटे हैं। वह क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और युवाओं से संपर्क कर संगठनात्मक गतिविधियों को गति दे रहे हैं। वह कार्यकर्ताओं से चर्चा कर चिनचुरा विधानसभा में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं।

### सात स्कूल भवन मंजूर

**मोहला।** स्कूल शिक्षा विभाग ने भवन निर्माण को लेकर आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार विकासखंड मोहला अंतर्गत प्राथमिक शाला लोधीटोला, प्राथमिक शाला नवाटोला एवं प्राथमिक शाला अमलीडीह शामिल हैं। वहीं पूर्व माध्यमिक शाला जोबटोला तथा मानपुर विकासखंड अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शालाएं तोलूम, हुरेली एवं कारेकट्टा में भवन निर्माण को स्वीकृति मिली है।

### देवी मंदिरों में जले आस्था के जोत

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि पर्व श्रद्धा एवं धार्मिक माहौल में मनाया जा रहा है। नवरात्र के पहले दिन देवी दरबारों में जोत जगमगाने लगे हैं। पर्व के पहले दिन से देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है। गुरूवार को सभी देवी मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना कर घट स्थापना कर ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया। नर्मदा मंदिर में 184, सिद्ध बाबा मंदिर घिरघोली में 201 तथा अतरिया शीतला मंदिर में 40 मनोकामना ज्योति कलश जगमगा रहे हैं। इसी प्रकार बंजारी मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, चोरड़ाधाम में भी बड़ी संख्या में ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं।

## बेलगांव में गहराने लगा पेयजल संकट, ग्रामीण परेशान

# चार साल में नहीं बनी पानी टंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

महत्वाकांक्षी नल जल योजना धरातल पर दम तोड़ते नजर आ रही है। लाखों खर्च करने के बाद में लोग पेयजल के लिए भटक रहे हैं। क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक ऐसे गांव हैं जहां नल जल योजना के तहत लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण एवं पाईप लाईन का विस्तार किया जा रहा है। अधिकांश जगह बीते चार साल से निर्माण अधूरा है। कहीं टंकी निर्माण के बाद पाईप लाईन का विस्तार नहीं हुआ है, तो कहीं पानी टंकी में लिकेज है।

ग्राम पंचायत खैरा नवापारा के आश्रित ग्राम बेलगांव में लगभग 80 लाख की लागत से पानी टंकी एवं पाईप लाईन का विस्तार किया जा रहा है जो आज तक निर्माणाधीन है। यहां कतिपय कारण से बीते चार में पानी टंकी का निर्माण नहीं हो सका है। वहीं पाईप लाईन का विस्तार कार्य भी शेष है। ग्रामीणों को बोर से सीधा पाईप लाईन के जरिए पानी की सप्लाई किया जा रहा था किन्तु जल स्तर में कम होने के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है।



### आधा किमी दूर से जलापूर्ति

लगभग एक हजार आबादी वाले इस गांव में करीब आधा दर्जन हैंडपम्प और कुआं है। सभी की स्थिति गंभीर है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां गर्मी शुरू होने से पहले ही पेय एवं निस्तारी जल की समस्या गहरा रही है। महेन्द्र जंघेल ने बताया कि लोग आधा किलोमीटर दूर स्थित सार्वजनिक एवं निजी बोर से पानी लाकर गुजर बसर कर रहे हैं। तालाब में पानी कम होने बाद नहाने एवं मवेशियों के लिए समस्या खड़ी हो गई है।

### समस्या की सुध नहीं

पूर्व सरपंच गोरेलाल जंघेल ने बताया कि निर्माण कार्य चार साल से जारी है जो आज तक पूरा नहीं हुआ है। इस समस्या से विभाग को कई दफा अवगत कराया गया है पर अब तक अधिकारियों ने काम को पूरा कराने में गंभीरता नहीं दिखाया है। ठेकेदार की लापरवाही के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है।

# शिशु मंदिर के बच्चों ने मनाया हिंदू नववर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में हिंदू नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम प्रबंधन शिक्षा समिति के संरक्षक हेमराय सिन्हा, व्यवस्थापक अलखराम साहू ने भारत माता, श्री राम एवं हेडगेवार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। तत्पश्चात भैया बहनों ने राम, सीता, लक्ष्मण हनुमान का वेश धारण कर भजन के साथ शोभायात्रा निकाला। अंत में राष्ट्रीय स्वयं सेवक ने आद्य सरसंघचालक प्रणाम किया। कार्यक्रम में डामन जोशी, आशा साहू, कुलेश्वरी साहू, राधा इंदौरिया, प्रियंका देशमुख, इंद्रजीत साहू, डीकेश साहू, अर्चना यदु, भूपेश्वरी साहू, तोरण सोनकर, पालेंद्र नेताम, विनीता साहू

### आधार और मोबाइल नंबर अपडेट कराना अनिवार्य

**मोहला।** जिला प्रशासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज समय पर अपडेट कराने कहा है जिसमें आधार कार्ड, बैंक अकाउंट और मोबाइल नंबर शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि इन दस्तावेजों में कोई गलती या अधूरी जानकारी होने पर लाभार्थियों को योजना का लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। जिला प्रशासन ने कहा कि यदि आधार में नाम परिवर्तन या अन्य व्यक्तिगत जानकारी में बदलाव हुआ है, तो उसे तुरंत अपडेट करना आवश्यक है। इसी प्रकार, बैंक अकाउंट में मोबाइल नंबर सही होना जरूरी है।

# मसाला व सुगंधित फसलों की खेती का किसानों को प्रशिक्षण

- कृषि अनुसंधान केन्द्र की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

पान अनुसंधान केंद्र छुईखदान एवं रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र छुईखदान के संयुक्त प्रयास से मसाला एवं सुगंधित पौधों का उत्पादन एवं प्रसंस्करण विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय उपस्थित थे। उन्होंने मसाला फसलों के उत्पादन, महत्व एवं पान की खेती की जानकारी देते हुए किसानों को क्लस्टर फार्मिंग अपनाने की सलाह दी, जिससे विपणन में सुविधा मिल सके।

अध्यक्षता कर रहे डॉ. पीके जोशी प्राध्यापक पादप प्रजनन एवं आनुवंशिकी विभाग ने की। उन्होंने मसाला एवं औषधीय सुगंधित पौध परियोजना के उद्देश्यों एवं क्षेत्र में इसकी संभावनाओं पर प्रकाश डाला।अधिष्ठाता डॉ. एके गुप्ता ने हल्दी, धनिया एवं करायत जैसी मसाला फसलों के बीज उत्पादन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी किसानों को दी। विशिष्ट अतिथि अखिल जैन ने प्राकृतिक खेती के माध्यम से पान एवं मसाला फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. धर्मेंद्र खोखर एवं डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने उन्नत तकनीकों के माध्यम से मसाला एवं औषधीय फसलों की खेती पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. बीएस असाटी वरिष्ठ वैज्ञानिक पान अनुसंधान केंद्र ने पान की पौध उत्पादन एवं खेती की तकनीकों पर मार्गदर्शन दिया। पान अनुसंधान केंद्र द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के सहयोग से 5 किसानों के शेडनेट स्थापित कर पान उत्पादन प्रारंभ कराया गया है। बंगला एवं देसी पान की पौध, बांस, खाद एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है, जिससे क्षेत्र में विलुप्त होती पान खेती को पुनर्जीवित किया जा सके।




### किसान सम्मानित

कार्यक्रम में पान की खेती शुरू करने वाले 5 किसान सजेलाल जंघेल, भरत, हिन्चाराम साहू, रवि साहू एवं सुनील महोबिया को सम्मानित किया गया। महिला स्व-सहायता समूहों को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर ग्राम गुमानपुर के किसान सजेलाल जंघेल के खेत का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मसाला फसलों पर आधारित पुस्तिका एवं फोल्डर का विमोचन तथा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। संचालन डॉ. बीएस असाटी एवं डॉ. दीपिका देवदास ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. धर्मेंद्र खोखर ने किया। प्रशिक्षण में 75 से अधिक किसान शामिल हुए।

### जिलेभर में शौचालयविहीन घरों का सर्वे

**मोहला।** स्वच्छता को बढ़ावा देने और प्रत्येक पात्र परिवार को शौचालय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत ऐसे परिवारों की पहचान की जा रही है, जिन्हें अब तक व्यक्तिगत शौचालय योजना का लाभ नहीं मिला है। जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों में सचिव, रोजगार सहायकों, कोटवारों के माध्यम से डोर-टू-डोर सर्वे कराया जा रहा है ताकि उन्हें योजना से जोड़ा जा सके। चिन्हित हितग्राहियों को ग्राम पंचायत या जनपद पंचायत में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करने कहा जा रहा है।

# देवी मंदिरों में जले मनोकामना ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

देश में विख्यात मां बम्लेश्वरी के मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व शुरू हो गया है। मां बम्लेश्वरी के उपर एवं नीचे मंदिर सहित शहर के शीतला, रणचंडी, दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, शिव साई मंदिर, रेंगाकठेरा गढ माता मंदिर, कारीपाठ, करेला भंडारपुर भवानी मंदिर, विध्यवासिनी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में लगभग 50 हजार से अधिक ज्योति कलशों की स्थापना की गई है।

जानकारी के अनुसार सबसे बडे आस्था का केन्द्र मां बम्लेश्वरी के मंदिर में देश- विदेश के भक्तों ने ज्योति कलश स्थापना करवाया है। बाहर से आए आचार्य, पंडितों एवं बैंगाओं की उपस्थिति में उपर मंदिर में 7531, नीचे मंदिर में 901, शीतला मंदिर में 61 एवं छिन्नमस्ता मंदिर में 7 ज्योति कलश की स्थापना की गईं।

माता की आरती एवं काल भैरव के आवाहन और हनुमान की स्तुति के साथ ही प्रथम ज्योत की पूजा कर बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने प्रज्वलित किया। तत्पश्चात ट्रस्ट के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और कर्मचारियों ने कलशों को प्रज्वलित किया।

## मंदिरों में धार्मिक आयोजन का दौर





### दिखने लगी भक्तों की भीड़

एकम के साथ ही दर्शनार्थियों की आवाजाही शुरू हो गई। प्रशासन, ट्रस्ट समिति और धार्मिक संगठनों ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था किया हैv। नवरात्र के पहले दिन रेल एवं सडक मार्ग से बड़ी संख्या में भक्त देवी दर्शन के लिए पहुंचे।

### दुकानों में अवैध कनेक्शन

स्टालों और स्थाई दुकानों में विद्युत विभाग के कर्मचारियों की सांठगांठ से बिजली के अवैध कनेक्शन देने की जानकारी मिली है। विद्युत विभाग के अधिकारी मुख्यालय से गायब है। आगजनी जैसी घटना को रोकने के लिए दुकानों में अग्निशमन यंत्र भी नहीं हैं।

### मनमानी पर अंकुश नहीं

नवरात्र के पहले दिन से ही निजी पार्किंग वालों की मनमानी देखने मिल रही है। पार्किंग वालों के गुर्गे दबाव पूर्वक वाहनों को रोक रहे है। इसी प्रकार छिरपानी मार्ग पर स्थित होटल और नारियल प्रसाद दुकान वाले वाहनों को रोक कर जबरन अपनी दुकानों में ले जाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। छिरपानी मार्ग पर चलते वाहनों को रोकने से दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।

### सफाई और पेयजल सुविधा की अनदेखी

नवरात्रि के दौरान नगर पालिका सफाई और पानी की व्यस्था को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही है। अधिकारी केवल कर्मचारियों के बीच खड़े होकर फोटो खिचाते नजर आए जबकि गंदगी से भरी नाली की न तो सफाई की गई है और न मेला के आसपास दवाई छिड़काव किया गया है। गर्मी को देखते हुए पेयजल के स्टाल भी दिखाई नहीं दे रहे हैं।

## शिक्षक मदन मंडावी हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ ने राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर के वृंदावन सभा हाल में किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक मदनलाल मंडावी को कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है।

वर्तमान में अकादमी ने श्री मंडावी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब थे। अध्यक्षता सुश्री मोना सेन ने की। विशिष्ट अतिथि विधायक उत्तरी जांगड़े, कविता प्राण लहरे, चातुरी नंद थी। कार्यक्रम में संजय मैथिली, अध्यक्ष मीना भारद्वाज, परसराम साहू, डॉ. राजेन्द्र पाटकर, मोहित शर्मा, मेहत्तर देवांगन, महादेव जायसवाल, मधु देवांगन एवं दिनेश कुरेटी शामिल हुए।

# रानी अवंती के शौर्य को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

क्षेत्र के विभिन्न गांव में शुक्रवार लोधी समाज एवं ग्रामीणों ने 1857 की क्रांति में अपने प्राण की आहुति देने वाली रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया। चकनार नर्मदा में सर्किल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, उत्तम जंघेल, दशमत जंघेल, निर्मला विजय वर्मा, कामदेव जंघेल, अशोक जंघेल, डेरा लाल मसखरे शामिल हुए। सुबह शीतला मंदिर से नर्मदा तक कलश यात्रा निकाला गया जिसमें सैकड़ों महिलाएं, बालिकाएं एवं युवा शामिल हुए।

अवंती चौक पर प्रतिमा की पूजा अर्चना कर नमन किया गया। तत्पश्चात यात्रा लोधेश्वर मंदिर पहुंची। यहां पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि अवंतीबाई का बलिदान समाज और देश के लिए प्रेरणा दायक है। उनके बलिदान ने हम सबको एक सूत्र में बांधा है। गिरवर जंघेल ने रानी के साहस का बखान किया। मोतीलाल जंघेल ने अवंतीबाई के संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला।



### प्रसादी वितरित

इस अवसर पर समाजिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने नर्मदा में स्थित लोधेश्वर महादेव का पूजा अर्चना कर नमन किया गया। तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। इसी प्रकार घिरघोली, ओटेबंद, अतरिया, संडी, बेलगांव आदि में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तीरथ चंदेल, कामदेव जंघेल, ज्योति जंघेल, लुकेश्वरी जंघेल, लता जंघेल, कविता जंघेल, प्रियंका जंघेल, प्रकाश जंघेल, दुर्जन जंघेल, महावीर वर्मा, श्रवण जंघेल, श्यामु जंघेल, नंद चंदेल, अवध जंघेल, केदार जंघेल, मिनेश जंघेल, कैलाश वर्मा, नेतराम जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, मनोज जंघेल, राहुल सिंह, राजेश जंघेल, नोपाल जंघेल, कुंदन जंघेल, अनिकेत जंघेल, प्रदीप जंघेल, अरविन्द जंघेल, डोगेन्द्र जंघेल, रूपलाल, मनोज जंघेल, हरिओम, बालकिशन जंघेल, लिखन जंघेल, अकेश जंघेल, राजेश जंघेल, गीता राम, महेन्द्र जंघेल, जितेन्द्र, रूपलाल जंघेल, रोशन जंघेल, गोरेलाल जंघेल, जितेन्द्र, लोमेश जंघेल, पृथ्वी जंघेल, टोप कुमार, लक्ष्मीकांत, भुनेश्वर, गनपत जंघेल, डोनेश, भानु जंघेल शामिल हुए।

### सड़क अतरिया में आज शौर्य दिवस

सड़क अतरिया में लोधी समाज एवं ग्रामीणों के संयुक्त तत्वाधान में कल शनिवार को बलिदान दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर रानी के शौर्य एवं बलिदान को याद कर नमन किया जाएगा। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कोमल जंघेल होंगे। अध्यक्षता पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में लोधी समाज के जिला अध्यक्ष उत्तम जंघेल, तीरथ चंदेल, निर्मला विजय वर्मा, नंद जंघेल, अशोक जंघेल, नेतराम जंघेल शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे सैकड़ों महिलाएं एवं बालिकाएं भोजली यात्रा निकालेंगी जो हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। तत्पश्चात मोहतरा साजा के शारदा जस परिवार द्वारा सुआ नृत्य की प्रस्तुति दिया जाएगा।

## जयंती पर गांव-गांव में हो रहे आयोजन

# माता कर्मा का त्याग और भक्ति प्रेरणादायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

ग्राम सालिक झीटिया में साहू समाज एवं ग्रामवासियों ने भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया। आयोजन में हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। तपश्चात शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। उन्होंने माता कर्मा के जीवन एवं उनके त्याग, भक्ति और समाज सेवा के प्रेरणादायक प्रसंगों को साझा करते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने प्रेरित किया।

श्री गांधी ने कहा कि माता कर्मा केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सेवा और संस्कारों की जीवंत प्रेरणा हैं। कार्यक्रम में शिवराम साहू, धर्मेंद्र साहू, सीएल हिरवानी, मूलचंद साहू, चित्रलेखा साहू, पार्षद कोमल साहू, ढेरहीन साहू, रेशम साहू, मोहिन साहू, इनेश्वर साहू, नीलकंठ, दूरदर्शन, सेवाराम, गणेश, तुलसीराम, महेश साहू, बेमराम साहू आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### जिला स्तरीय आयोजन 22 को

**डोंगरगांव।** साहू समाज की अधिष्ठात्री माता कर्मा की जयंती का जिला स्तरीय समारोह आगामी 22 मार्च को नगर में आयोजित किया गया है। समाज के प्रदेशाध्यक्ष डां. निरेन्द्र साहू के संरक्षण में आयोजित समारोह में सीएम विष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों ने बताया कि खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह में साहू समाज के 11 जोड़ों का आदर्श विवाह होगा। प्रदेशाध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव, विधायक मोतीलाल साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू, विधायक भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, पर्यटन बोर्ड अध्यक्ष नीलू शर्मा, पूर्व विधायक छन्नी साहू, खेदूराम साहू, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, अंजू त्रिपाठी सम्मिलित होंगे।

#### तरूणा- स्वेच्छा की प्रस्तुति





आयोजकों ने बताया कि समारोह के दौरान पंडवानी गायिका तरुणा साहू एवं 13 वर्षीय गायिका स्वेच्छा साहू संगीतमय प्रस्तुति देंगी। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा के लिए सामाजिकजनों को सम्मानित किया जाएगा।

### समाज की संस्कृति और संस्कार को बचाए : साहू

**डोंगरगांव।** कोकपुर मे परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू थे। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू ने की। विशेष अतिथि हेमंत साहू थे।इस मौके पर माता कर्मा का पूजा अर्चना और सामूहिक आरती किया गया। परिक्षेत्र कार्यालय मे ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि श्री साहू ने इस मौके पर कहा कि आज समाज के संस्कार, संस्कृति को बचाना जरूरी है। समाज के लोग राजनीतिक विकास करे पर समाज के अंदर राजनीति न करे। तहसील संरक्षक हेमंत साहू ने माता कर्मा का बखान किया। परिक्षेत्र अध्यक्ष बेलस साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान ठाकुरराम साहू, बिजेलाल साहू , यादोराम साहू, खेमचंद साहू, मोहनी साहू, गोविं साहू, मोहन साहू, प्रीतम साहू, पोवादास साहू, प्रभा साहू, दयाराम साहू, देवेन्द्र साहू, प्रकाश साहू, नोहर साहू आदि सहित बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### राम मंदिर के लिए 50 हजार मंजूर

**डोंगरगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से जिला निषाद समाज के अध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, महासचिव टीकम निषाद के नेतृत्व में क्षेत्रीय संगठन बगदई के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर आभार जताया। समाज के मीडिया प्रभारी चैन कुमार निषाद ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने बगदई में राम जानकी मंदिर निर्माण हेतु 50 हजार का चेक प्रदान किया। मुलाकात के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष कृपाराम निषाद, उपाध्यक्ष दशरथ निषाद, दुर्गा निषाद, महासचिव कमल निषाद, सुखचंद निषाद, ज्ञानसिंग निषाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### अवंतीबाई को अर्पित किया श्रद्धासुमन



**डोंगरगढ़।** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस के अवसर पर मेला ग्राउंड में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी सहित बड़ी संख्या में समाजिकजन उपस्थित थे। इस मौके पर श्री लोधी ने कहा कि महारानी अवंती बाई लोधी का जीवन साहस, त्याग और स्वाभिमान की अद्वितीय रहा है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर अमिट छाप छोड़ी है।

### एक सफल वकील समाज में परिवर्तन ला सकता है : यादव



**राजनांदगांव।** पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में 16 मार्च को नशामुक्ति, मोबाइल/फोन की लत तथा अन्य सामाजिक समस्याओं के प्रति युवाओं में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर जितेन्द्र यादव थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि का स्वागत नंदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल, डॉ. निमिषा मिश्रा तथा प्रशासक डॉ. आरएन सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशा, मोबाइल की लत तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। जिनके माध्यम से विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमूह को इन सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया।
मुख्य अतिथि जितेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते एक प्रेरणादायी मार्गदर्शन सत्र दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतरता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विधि के विद्यार्थियों को प्रेरित करते कहा कि एक अच्छा वकील केवल पहचान या प्रतिष्ठा के लिए नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने बनना चाहिए।

### 31 का होगा निःशुल्क मोतियाबिंद उपचार

**मोहला।** अटल वयो अभ्युदय योजना अंतर्गत जिले के वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य सुधार हेतु एक सराहनीय पहल की गई। योजना के तहत सोमवार को 31 चिन्हांकित वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क मोतियाबिंद उपचार के लिए एम्स रायपुर रवाना किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एसआर मंडावी ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

ग्रामीणों के विरोध का सुध नहीं ले रहा शासन-प्रशासन

# प्रधानमंत्री जनमन योजना की सड़क घटिया निर्माण की भेंट चढ़ी

## ग्रामीणों के विरोध के बाद भी अब तक नहीं हुई कोई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत गंडई क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विकास के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। ग्राम पंचायत श्रृंगारपुर के आश्रित ग्राम तुमड़ादाह में ठाकुरटोला-लावातरा रोड से बैगापारा तक बन रही 1.700 किमी लंबी सड़क के निर्माण में भारी अनियमितता का मामला गरमाता जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने के एक माह बाद भी डामर की परत सेट नहीं हो पाई है, जिससे सड़क जल्द खराब होने का अंदेशा जताया जा रहा है। मटेरियल के गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे है।

सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर बैगा आदिवासी परिवारों में भारी आक्रोश है। ग्रामीण भगवान सिंह पोर्ते, सुखराम बैगा, जलेश पोर्ते, बलि राम मरावी और फगनू राम मेरावी ने मौके पर प्रदर्शन करते हुए एक पतली लकड़ी से सड़क को कुरेद कर दिखाया कि किस प्रकार डामर की बेहद पतली परत बिछाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क आगामी बारिश में खराब हो जाएगी और हम आदिवासी परिवार को सड़क बनने से पहले जो तकलीफ झेलनी पड़ती थी उससे ज्यादा तकलीफ का सामना करना पड़ेगा।

### प्रशासन की चुप्पी पर नाराजगी

बता दें कि इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 116.810 लाख रुपये है। घटिया निर्माण और मटेरियल की कटौती ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ग्रामीण आरोप लगा रहे कि ठेकेदार और विभागीय मिलीभगत के चलते शिकायत के बाद भी कोई जांच नही हुई है न ही किसी प्रकार का कोई सुधार किया गया है जिससे ये साफ पता चलता है कि सत्ता सरकार को बदनाम करने की नियति से घटिया स्तर का कार्य किया गया है। शिकायत के बाद भी कोई सुध नही लिया जा रहा है।



### जांच होनी चाहिए

ग्राम पंचायत सिंगारपुर के सरपंच चंद्रकुमार ने भी निर्माण कार्य में गंभीर खामियों की पुष्टि करते हुए बताया कि ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद न तो जांच की गई और न ही ठेकेदार ने अपनी कार्यप्रणाली बदली। उन्होंने बताया कि डब्लूबीएम और डामरीकरण दोनों ही स्तरों पर भ्रष्टाचार हुआ है, जिससे सरकारी राशि का दुरुपयोग साफ दिखाई दे रहा है। बहुत पतली डामरीकरण किया गया। बेस में भी सही मटेरियल का उपयोग नही किया गया है। इसकी जांच होनी ही चाहिए।

### सूचकांक बोर्ड और जमीनी हकीकत में अंतर

मौके पर लगे सूचना पटल के अनुसार, डामरीकृत परत के लिए निर्धारित मात्रा में मटेरियल का उपयोग किया जाना था। ग्रामीणों का आरोप है कि जहां बोर्ड पर 10 डम्पर से अधिक डामरीकृत मटेरियल डालने की जानकारी अंकित है, वहीं ठेकेदार ने औपचारिकता पूरी करते हुए महज 5 से 6 डम्पर मटेरियल में ही पूरी सड़क की इतिश्री कर दी है। इसके अलावा बेस में सूचकांक बोर्ड के अनुरूप मटेरियल का उपयोग न कर मुरम का उपयोग कर तकनीकी मापदंडों को ताक पर रख दिया गया है।

# सामुदायिक पुलिसिंग, ग्रामीणों से संवाद कर सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

थाना सीतागांव क्षेत्र के ग्राम जालवाही में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह द्वारा ग्रामीणों से सीधे संवाद कर समस्याएं सुनी गई। बच्चों को खेल सामग्री वितरण कर शिक्षा एवं खेल के प्रति प्रेरित किया गया।

थाना सीतागांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जालवाही में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया एवं उनके निराकरण का आश्वासन दिया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को खेल सामग्री वितरित की गई तथा उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी सक्रिय रहने प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### आत्मसमर्पण के लिए करें प्रेरित

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई कि जिले में सक्रिय बचे हुए माओवादी तत्वों को मुख्यधारा में लाने हेतु आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करें तथा पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा जनता की सुरक्षा एवं सहायता के लिए तत्पर हैं। कार्यक्रम में थाना सीतागांव प्रभारी सुशील त्रिपाठी, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, सहायक उप निरीक्षक नरसिंह जाड़े, स्कूल के सहायक शिक्षक (विज्ञान) रामचंद्र वर्मा, पूर्व सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों द्वारा पुलिस के इस जनसहभागिता एवं विश्वास निर्माण के प्रयास की सराहना की गई।

# साइंस ओलंपियाड में आंजनेय और आदिशिव का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साइंस ओलंपियाड में शहर के दो प्रतिभाशाली छात्रों ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता हासिल की है। दोनों छात्रों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित नेशनल साइंस ओलंपियाड लेवल-2 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और राज्य को गौरान्वित किया है।

- राज्य को किया गौरवान्वित, किया जाएगा सम्मानित

नीरज वाजपेई इंटरनेशनल स्कूल बोरी के कक्षा 3री के विद्यार्थी आदिशिव मोदी ने जोनल रैंक में प्रथम स्थान हासिल कर जोन टॉपर तथा इंटरनेशनल रैंक-28 प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें इस उपलब्धि के लिए 5000 रुपए की धनराशि, स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं उनके भाई आंजनेय मोदी ने जोनल रैंक में 21 तथा इंटरनेशनल रैंक में 502 स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसके लिए उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलेंस प्रदान किया जाएगा।

### अनुशासन और समर्पण के साथ तैयारी

ओलंपियाड एक प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान प्रतियोगिता है। जिसमें भारत सहित विश्वभर के लाखों छात्र भाग लेते हैं। यह परीक्षा छात्रों के वैज्ञानिक ज्ञान, तार्किक क्षमता एवं समस्या समाधान कौशल का मूल्यांकन करती है। विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों ने बताया कि दोनों बच्चों ने कम उम्र में ही कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के साथ तैयारी की है। स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी एवं प्राचार्य एकता गांधी के मार्गदर्शन में यह सफलता संभव हुई है। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय का नाम रोशन हुआ है, बल्कि यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना है। बच्चों के माता-पिता डॉ. अमित मोदी एवं डॉ. विधि मोदी ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते दोनों को बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सतनामी समाज के जिला संगठन का विस्तार

**राजनांदगांव।** सतनामी समाज संगठन का विस्तार करते समाज के जिला अध्यक्ष अजय रात्रे एवं मनीष चतुर्वेदी ने संगठन में नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जिसके तहत शहर कार्यकारिणी सदस्य में योगेश बघेल, गजेंद्र रात्रे और भूपेन्द्र महिपाल एवं नीतू बंधु को शहर उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं रमेश सगरवंशी, पवन माहेश्वरी, दीपक भारती, शुभम सोनी को संगठन मंत्री पद की जिम्मेदारी दी है। वहीं सुरेंद्र जोशी एवं डोमेन्द्र खरे को सचिव पद की जिम्मेदारी मिली है। वहीं माधव बंजारे को मीडिया प्रभारी और अनमोल महिलाग को सह-मीडिया प्रभारी, विनायक कुर्रे को कोषाध्यक्ष और संरक्षक के रूप में रामविलास जोशी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। यह जिम्मेदारी सभी पदाधिकारियों को उनकी सक्रियता के आधार पर दी गई है। पदाधिकारियों को जिम्मेदारी मिलने के बाद आगामी 21 मार्च को वार्ड क्र. 20 नवीन सतनाम भवन में बैठक का आयोजन किया गया है, जहां समाज को एक नई दिशा की ओर अग्रसर करने हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी।

# अजाक थाना का एसपी ने किया उद्‌घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



पुलिस थाना मोहला परिसर में नवनिर्मित भवन में स्थापित नवीन अजाक पुलिस थाना का संचालन प्रारंभ किया गया। नवीन अजाक पुलिस थाना का उद्‌घाटन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने किया।

जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी में नवीन अजाक पुलिस थाना स्थापित करने छत्तीसगढ़ शासन से जारी अधिसूचना एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 19 मार्च को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह द्वारा थाना मोहला परिसर में नवनिर्मित नवीन अजाक पुलिस थाना भवन का फीता काटकर उद्‌घाटन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं रोजनामचा में नवीन अजाक पुलिस थाना प्रारंभ किए जाने की सूचना दर्ज कर विधिवत थाना संचालन का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक अजाक नोहरलाल मंडावी, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स ताजेश्वर दिवान, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, थाना प्रभारी थाना मोहला निरीक्षक कपिलदेव चंद्रा, थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक ईश्वर ध्रुव, प्रभारी नियंत्रण कक्ष उप निरीक्षक शंभूलाल सिन्हा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा थाना के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थिति रहे हैं। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत कार्रवाई के लिए नवीन अजाक पुलिस थाना के क्षेत्राधिकार में जिले से सभी थाना एवं चौकी अंतर्गत आने वाले क्षेत्र शामिल होंगे।

# महापौर परिषद में विमर्श के बाद बजट पर अनुशंसा सहित अन्य विषयों को दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में आय-व्यय अनुमान पत्रक 2026-2027 पर विचार-विमर्श उपरांत स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को प्रेषित किया गया एवं वित्तीय वर्ष 2025-2026 के आय-व्यय को पुनरीक्षण की अनुशंसा सहित सामान्य सभा को भेजा गया। साथ ही नगर निगम के अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। महापौर श्री यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट के संबंध में विस्तार से चर्चा करते अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु समान्य सभा को प्रेषित किया गया। उन्होंने बताया कि शासन के दिशा-निर्देश व प्रावधान तथा पार्षदों एवं नागरिकों के सुझाव के आधार पर बजट तैयार किया गया है। जनभावनाओं के अनुरूप तैयार बजट को अतिशीघ्र सामान्य सभा में पेश किया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पत्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व पालना सहायिका की नियुक्ति की अनुशंसा सहित वित्तीय वर्ष 2026-27 में सम्पत्तिकर में नियमानुसार छूट एवं निर्धारण की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा अन्य विषयों पर स्वीकृति दी गई। बैठक में सुनील साहू, राजेश जैन रानू, बिना ध्रुव, सावन वर्मा, शैंकी बग्गा, केवरा विजय राय, वर्षा शरद सिन्हा, आलोक श्रोती, डीलेश्वर प्रसाद साहू, टोपेन्द्र सिंह, अतुल विश्वकर्मा, दीपक खांडे, यूके रामटेके, प्रणय मेश्राम, गरिमा वर्मा, सुषमा साहू, राकेश नंदे, राजेश मिश्रा, नारायण यादव सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# झेरिया यादव समाज का चुनाव 12 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रांतीय पदाधिकारियों का चुनाव आगामी 12 अप्रैल को विभिन्न जिला मुख्यालय में स्थापित किए गए मतदान केंद्र में संपन्न होगा।

समाज के प्रांत स्तरीय मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार समाज के आजीवन सदस्यों द्वारा लोकतांत्रिक मतदान प्रकिया माध्यम से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव के एक-एक पद तथा दो कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जाएगा। चुनाव की प्रक्रिया 18 मार्च से प्रारंभ हुई तथा 12 अप्रैल को मतदान के पश्चात शाम को मतगणना के साथ ही संपन्न हो जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 मार्च को किया जाएगा। इसके पश्चात 22 मार्च से नामांकन दाखिला प्रारंभ होगा। 27 मार्च को नाम वापसी के पश्चात 28 मार्च को उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन होगा। 29 मार्च को उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मतदान 12 अप्रैल को होगा।







**कार्यालय, ग्राम पंचायत कामठा,**
**जपं खैरागढ़, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**

क्रमांक- 05/ ग्रापं /2026-27 दिनांक 17/03/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सत्र 2026/27 के लिए ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले साप्ताहिक बाजार की नीलामी गुरुवार दिनांक 26/03/2026 को दोपहर 11 बजे ग्राम पंचायत द्वारा बैठक मे पारित प्रस्ताव अनुसार किया जाना है जिसकी नीलामी कार्यालय भवन मे नियमानुसार होगी।

**1.साप्ताहिक बाजार - अमानत राशि 20,000/-रूपए**

इच्छुक बोलीकर्ता अमानत राशि जमा कर नीलामी बोली मे शामिल हो सकते है, नीलामी को लेकर नियम व शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय मे सूचना पटल पर किया जा सकता है।

राजकुमार वर्मा
सरपंच

शिवकुमार कोठले
सचिव

**C/PDCL छ. स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, खैरागढ़**
**(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)**

क्रमांक 054/4500/ सामान्य / विज्ञा. प्रकाशन / 6773 खैरागढ़, दिनांक 20/03/2026

**// मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना-2026//**

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 के तहत 31 मार्च 2023 से पहले के बकाया बिलों पर बडी राहत दी जा रही है, जिसमे बी.पी.एल. और निष्क्रिय घरेलू /कृषि उपभोक्ताओं को मूल राशि पर 50% से 75% तक और अधिभार (सरचार्ज) पर 100% की छूट मिलेगी। सक्रिय बी.पी.एल. उपभोक्ताओं के लिये 5 वर्ष से पूर्व एवं 1 से 5 वर्ष अवधि के बकाया पर मुल राशि पर क्रमशः 75% एवं 50% और अधिभार 100% छूट के साथ साथ सक्रिय अशासकीय घरेलु/कृषि उपभोक्ताओं को एकमुस्त भुगतान पर मुल राशि में 10% और 3 किस्तों में भुगतान पर 5% की अतिरिक्त छूट का प्रावधान के साथ 08 किस्तो भी भुगतान की सुविधा एवं तीनों स्थितियों में अधिभार पर 100% छूट का प्रावधान है। इस योजना का लाभ लेने के लिये उपभोक्ताओं मोर बिजली एप या बिजली कार्यालय के माध्यम से पंजीकरण कराना होगा जिसके लिये कुल बकाया का न्युनतम 10% तुरंत जमा करना अनिवार्य है। साथ ही किस्तो में भुगतान करने पर भविष्य में कोई नया अधिभार नही जोडा जायेगा।

उपरोक्त योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये खैरागढ़ (संचारण / संधारण) संभाग के अंतर्गत उपसंभाग गण्डई के अधिनस्थ ग्रामों में निम्नानुसार क्षेत्रवार शिविर आयोजित किये जा रहे है। सम्माननीय उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि शिविर में उपस्थित होकर योजना का लाभ उठावें।

| क्र. | संभाग का नाम | दिनांक | शिविर स्थल | वितरण केन्द्र | नोडल अधिकारी का नाम पद | मोबाईल नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | खैरागढ़ | 24.03.2026 | बैगा साल्हेवारा | साल्हेवारा | सुश्री उपासना मौर्य कनि०अभि० | 8319686017 |
| 02 | खैरागढ़ | 26.03.2026 | हनईबन | गण्डई | श्री हरिप्रसाद जंघेल कनि०अभि० | 6232941139 |
| 03 | खैरागढ़ | 27.03.2026 | मानपूर नांका | पैलीमेटा | श्री हरिप्रसाद जंघेल कनि०अभि० | 6232941139 |
| 04 | खैरागढ़ | 08.04.2026 | ठण्डार | गण्डई | श्रीमति किरण सहायक अभियंता | 6232941156 |

कार्यपालन अभियंता (सं./ सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि. कंपनी लिमिटेड खैरागढ़

# अवंतीबाई लोधी बलिदान दिवस समाज के लोगों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी बलिदान दिवस के अवसर पर लोधी समाज द्वारा शहर के महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के समीप स्थित अवंतीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते समाज के लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव भी शामिल हुए और समाज के लोगों को संबोधित करते वीरांगना अवंतीबाई लोधी के शौर्य और साहस पर प्रकाश डाला।

स्वतंत्रता आंदोलन की महान सेनानी रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस के अवसर पर आज लोधी समाज के लोगों ने उनकी प्रतिमा स्थलीय पर पहुंचकर माल्यार्पण करते देश की आजादी के लिए दिए गए उनके बलिदान को याद किया। इस दौरान समाज के पदाधिकारी शिव वर्मा ने कहा कि रानी अवंतीबाई लोधी समाज का गौरव है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से डटकर मुकाबला किया।



### प्रतिमास्थल का हुआ जीर्णोद्धार

वर्ष 2008 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा यहां पर वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण किया गया था। इसके बाद अब प्रतिमा स्थल के जीर्णोद्धार की आवश्यकता को देखते नगर निगम द्वारा यहां पर फुलवारी, इंटरलॉकिंग और रंग-रोगन कराया गया है। जिसका उद्घाटन महापौर मधुसूदन यादव ने किया।

### बलिदान को किया याद

वीर बलिदानी वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर समाज के लोग एकत्रित हुए। इस दौरान रानी अवंतीबाई की वेशभूषा में पहुंची समाज की युवती और अन्य महिलाओं ने उनके साहस, पराक्रम और बलिदान को याद करते उन्हें नमन किया। महिलाओं ने कहा कि अवंतीबाई समाज का गौरव है।

## हिंदू जागरण मंच ने उत्साह से मनाई जयंती



**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माता कर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया तथा समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन त्याग, भक्ति और समाजसेवा का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा रखते सादगी और सेवा का संदेश दिया। उनके जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि सच्ची भक्ति के साथ समाज और राष्ट्र के प्रति भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि आज के समय में युवाओं को संतों और महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने माता कर्मा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया तथा समाज में भाईचारा, एकता और धर्म के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

### सड़क निर्माण का आश्वासन

**छुरिया।** क्षेत्र में सड़कों के विकास को लेकर महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। विधायक भोलाराम साहू ने विधानसभा में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत जादूटोला से दैहान तथा मांझीटोला से गर्रापार तक सड़क निर्माण का मामला उठाया था जिस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विभाग से प्राक्कलन मंगाने और शीघ्र कार्यादेश जारी करने का आश्वासन दिया।विधायक साहू ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी।

दैनिक हरिभूमि अखबार बांटने के अलावा अखबार से जुड़े अन्य कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है।
(स्थानीय लोगों को प्राथमिकता)
सिविल लाइन, कंडरापारा लाइन, नीचे मंदिर लाइन, कालका पारा लाइन, दंतेश्वरी मंदिर लाइन, रेलवे कॉलोनी, केदार बड़ी लाइन में अखबार बांटने के लिए स्थानीय लड़कों की आवश्यकता है।
संपर्क करें
हरिभूमि कार्यालय
जय स्तंभ चौक, डोंगरगढ़
संवाददाता प्रकाश अग्रवाल
मो. 9300963883

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## ईद आज, मस्जिदों और घरों में आकर्षक रौशनी

**राजनांदगांव।** शांति, सद्भाव, अमन और भाईचारे का प्रतीक ईद-उल-फितर का पर्व 21 मार्च को मनाया जाएगा। ईद की तैयारी को लेकर मुस्लिम समाज में खासा उत्साह नजर आ रहा है। वहीं शहर में ईद पर्व पर घरों में बनने वाली सेवाईयों का बाजार भी सजा हुआ है, जहां मुस्लिम समाज के लोग रंग-बिरंगी सेवाईयों की खरीदी कर रहे हैं। शहर के जामा मस्जिद और हन्फी मस्जिद गोलबाजार के आसपास सेवाईयों की अधिक दुकानें सजी हुई है। वहीं ईद पर्व को लेकर शहर के विभिन्न मस्जिदों में भी आकर्षक सजावट की गई है।

ईद पर्व को लेकर सेवाईयों की दुकानों के अलावा कपड़ों की दुकानों में भी भीड़ नजर आ रही है। लोग त्यौहार के मद्देनजर नए कपड़ों की खरीददारी में जुटे हुए हैं। वहीं ईद पर घरों में साफ-सफाई और रंग-रोगन भी किया गया है। रमजान महीने के 29-30 रोजे पूरे होने के बाद चांद दिखने के अनुसार ईद का पर्व मनाया जाता है। ईद के मौके पर शहर के ईदगाह में विशेष नमाज अदा कर मुस्लिम समाज द्वारा देश की तरक्की और अमन की दुआ मांगी जाती है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन 352 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**खैरागढ़।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कुल कुल 352 प्रकरण में कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार जिला पुलिस केसीजी द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। समस्त थाना व चौकी एवं यातायात द्वारा नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते व्यापक स्तर पर सघन वाहन चेकिंग अभियान प्रतिदिन चलाया जा रहा है। वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट 77, तीन सवारी 224, शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने वाहन चालकों पर 51 प्रकरण कुल 352 प्रकरणों में 5,18,700 रुपए शुल्क अर्थदंड की कार्रवाई किया गया। यातायात नियमों का पालन कराने नियमों के उल्लंघनकर्ताओं पर मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं में सघन वाहन चेकिंग अभियान में कार्रवाई लगातार जारी रहेगा एवं दुर्घटना के गोल्डन ऑवर, सड़क सुरक्षा मितान, यातायात नियमों की जानकारी से आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला पुलिस केसीजी सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन कर वाहन का वैध दस्तावेज रखकर सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की है।









### कबीरधाम जिले के आदिवासी आश्रम, शालाओं एवं छात्रावासों में रिक्त पदों की भर्ती पर किया प्रश्न

# कबीरधाम के मुद्दों को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया : भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा सत्र के अंतिम दिन कबीरधाम जिला व प्रदेश से जुड़े प्रमुख विषयों से जुड़े प्रश्न किए। इस दौरान उन्होंने कृषि विकास व किसानों के कल्याण, आदिवासी आश्रम एवं छात्रवास में रिक्त पदों की आपूर्ति तथा मतस्य पालन को बढ़ावा देने सरकार की योजनाओं और प्रदेश के प्रमुख ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों के संरक्षण का मुद्दा उठाया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी के विषय में प्रश्न किया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल कितना कृषि रकबा है? वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 तथा 2025-26 में उर्वरक (खाद) एवं प्रमाणित बीज की मांग, उनके भंडारण तथा किसानों को किए गए वितरण की वास्तविक स्थिति की वर्षवार जानकारी देवें? जिसके लिखित उत्तर में आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि कृषि रकबे की जानकारी का संधारण विकासखण्डवार किया जाता है। कार्यालय भू-अभिलेख, जिला-कबीरधाम से प्राप्त जानकारी अनुसार पंडरिया विधान सभा क्षेत्र से सम्बद्ध विकासखंड कवर्धा, पंडरिया एवं सहसपुर लोहारा अंतर्गत कुल कृषि रकबा 1,46,124 हेक्टेयर है। जिसमें कवर्धा अंतर्गत 43727, पंडरिया में 54315तथा सहसपुर लोहारा में कुल कृषि रकबा 48082 है। वित्तीय वर्ष 2023-24 खरीफ मौसम में 49430 क्विंटल लक्ष्य के तहत 58226 क्विंटल भण्डारण किया गया और 53308 क्विंटल वितरण किया गया वहीं रबी मौसम में में 9466 क्विंटल लक्ष्य के तहत 18169 क्विंटल भण्डारण किया गया और 8309 क्विंटल वितरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 खरीफ मौसम में 52230 क्विंटल लक्ष्य के तहत 60289 क्विंटल भण्डारण किया गया और 55523 क्विंटल वितरण किया गया वहीं रबी मौसम में में 12270 क्विंटल लक्ष्य के तहत 20964 क्विंटल भण्डारण किया गया और 13299 क्विंटल वितरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 खरीफ मौसम में 53890 क्विंटल लक्ष्य के तहत 65115 क्विंटल भण्डारण किया गया और 59780क्विंटल वितरण किया गया वहीं रबी मौसम में में 14850 क्विंटल लक्ष्य के तहत 13161 क्विंटल भण्डारण किया गया और 7687 क्विंटल रासायनिक ऊर्वरक वितरण किया गया। उन्होंने कबीरधाम जिले के आदिवासी आश्रम, शालाओं एवं छात्रावासों में रिक्त पदों की भर्ती के विषय में प्रश्न किया कि कबीरधाम जिले में आदिम जाति विकास मंत्रालय अंतर्गत संचालित आश्रम, शालाओं एवं छात्रावासों में शिक्षकों व अधीक्षकों के कितने पद रिक्त हैं? जिले में आदिवासी विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति एवं अन्य प्रोत्साहन राशि पिछले दो वर्षों से विलंब से क्यों मिल रही है? इस विलंब के लिए कौन जिम्मेदार हैं तथा भविष्य में समय पर नियमित भुगतान सुनिश्चित करने हेतु क्या व्यवस्था की गई है? जिसके लिखित उत्तर में विभागीय मंत्री जी ने बताया कि विभाग अंतर्गत कबीरधाम जिले में संचालित आश्रम शालाओं एवं छात्रावासों में अधीक्षक के 44 पद रिक्त हैं। रिक्त पदों की पूर्ति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। विलंब की स्थिति निर्मित नहीं हुई है, केवल 02 विद्यार्थियों का आधार सीडिंग एवं खाता बंद होने के कारण भुगतान असफल रहा है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों को वर्तमान सत्र से नवीन व्यवस्था के तहत भुगतान समय पर सुनिश्चित करने हेतु समय-सीमा का निर्धारण किया जाकर कार्यवाही की जा रही है।

### प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण पर सरकार की तैयारी



भावना बोहरा ने राज्य में ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों के संरक्षण के सन्दर्भ में प्रश्न किया कि राज्य में वर्तमान में संरक्षित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों की कुल संख्या कितनी है? उक्त स्थलों में से कितने स्थल जीर्ण-शीर्ण अथवा क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं? ऐसे स्थलों के संरक्षण, मरम्मत एवं पुनरूद्धार हेतु विभाग द्वारा कौन-कौन सी कार्ययोजना/परियोजनाएँ संचालित की जा रही हैं? वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 में ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण हेतु कितनी राशि आवंटित एवं व्यय की गई है? जिसके लिखित उत्तर में पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने बताया कि राज्य में वर्तमान में संरक्षित ऐतिहासिक एवं पुरातत्वीय स्थलों की कुल संख्या 109 है। केंद्र द्वारा संरक्षित 46 एवं राज्य संरक्षित स्थलों की संख्या 63 है। उक्त स्थलों के संरक्षित स्मारक घोषित होने के उपरांत यथास्थिति में हैं। केन्द्र एवं राज्य संरक्षित स्मारकों स्थलों का नियमित निरीक्षण एवं संरक्षण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार सतत रूप से किया जा रहा है। वर्तमान में सभी स्मारक स्थल संरचनात्मक दृष्टि से सुरक्षित हैं तथा जीर्ण-शीर्ण अथवा क्षतिग्रस्त अवस्था में नहीं हैं। राज्य संरक्षित स्मारकों स्थलों के संरक्षण, मरम्मत एवं पुनरूद्धार हेतु विभाग के अनुरक्षण, रसायनिक संरक्षण एवं लघु निर्माण मद में प्राप्त नियमित बजट से किया जा रहा है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, रायपुर मंडल, रायपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों एवं स्थलों पर संरक्षण तथा अनुरक्षण कार्य समय-समय पर आवश्यकता अनुसार एवं निदेशालय द्वारा आबंटित निधि एवं अनुमोदित वार्षिक संरक्षण कार्यक्रमों के अनुरूप संपादित किया जाता है।

# कबीरधाम बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भारतीय टीम में शामिल होकर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



भारतीय बॉल बैडमिंटन के 5 देशों की टेस्ट सीरीज की श्रृंखला लगातार चल रही है जिसके अगले कड़ी इंडिया-थाईलैंड बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरिज हेतु कवर्धा के तनु चन्द्रवंशी और मीरा साहू का का चयन किया गया था। इससे पहले यह टेस्ट सीरिज भारत इंडोनेशिया एवं मलेशिया में आयोजित की जा चुकी है जिसमें कवर्धा से रिया तिवारी, रामू ठाकुर क्षमानिधि जांगड़े लता साहू एवं बंटी चंद्रवंशी का चयन हुआ था एक सभी खिलाड़ियो ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। और टेस्ट सीरिज हेतु चयन प्रतियोगिता दिल्ली के विकासपुरी मैदान में 7 से 9 अक्टूबर तक रखी गई थी जिसमे भारत के सभी राज्य के 173 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिसमे चयन कर्ताओं का ध्यान कवर्धा के तनु चंद्रवंशी और मीरा साहू पर गया और उसका चयन थाईलैंड बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरिज के लिए किया गया। थाईलैंड बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरिज भारत-थाईलैंड बॉल बैडमिंटन टेस्ट थाईलैंड के पट्टाया एवं राजधानी बैंकॉक में आयोजित की गई थी जिसमे भारत- थाईलैंड के 3 मैचों की टेस्ट सीरीज़ हुई यह टेस्ट सीरीज़ दिनांक 10 मार्च से 16 मार्च तक आयोजित की गई थी जिसमें हमारे कवर्धा की खिलाड़ी का चयन हुआ था भारत एवं थाईलैंड के बीच खेली गई तीन मैचों के अंतरराष्टीय बॉल बैडमिंटन श्रृंखला में भारतीय पुरुष एवं महिला बॉल बैडमिंटन टीम ने थाईलैंड की पुरुष व महिला बॉल बैडमिंटन टीम को 3-0 से पराजित कर क्लीन स्वीप करते हुए श्रृंखला पर कब्जा जमाया इस प्रकार हुए सभी मैच भारतीय महिला टीम ने थाईलैंड को पहले मैच में 35-12, 35-14 से एवं दूसरे मैच में 35-14, 35, 10 से एवं श्रृंखला के तीसरे व अंतिम मैच में भारत ने थाइलैंड को हराकर 35-19, 35-21 से पराजित कर श्रृंखला पर कब्जा जमाया। इस प्रकार भारत की टीम भारत-थाईलैंड बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरिज की विजेता रही और गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वही तनु चंद्रवंशी ने कवर्धा में संकल्प अकादमी में 2015 में बॉल बैडमिंटन खेलना शुरू किया था मीरा साहू 2017 में और इस संघ से खेलते हुए दोनों ने बहुत सारे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया और गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते साथ ही उसके अच्छे खेल प्रदर्शन से स्पोर्ट्स कोटा से तनु चंद्रवंशी का चयन एसआरएम यूनिवर्सिटी के लिए भी हुआ था तनु के पिता बोरवेल्स का कार्य करते है जबकी मीरा के पिता मिस्त्री का कार्य करते है बेटी के खेल में हमेशा उसके साथ कंधे से कंधा मिला कर चलते रहे जिसके कारण आज मीरा इस मुकाम पर पहुँची है की मीरा ने इतने बड़े चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर भारत के साथ कवर्धा का नाम रोशन किया है। थाइलैंड में भारत का परचम लहराने के बाद भारत आने के बाद कवर्धा आगमन पर परिवार जन एवं मैदान के सभी खिलाड़ियो द्वारा तनु और मीरा का भव्य स्वागत कर विजय जुलूस निकाला गया एवं बधाई दी और साथ ही में तनु और मीरा की इस उपलब्धि पर कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं कवर्धा पूर्व जिला वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी साथ ही सहायक संचालक ज़िला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र गुप्ता,रामकृष्ण पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल एम शारदा, प्रबंधक रामकृष्ण स्कूल आदित्य चंद्रवंशी, पूर्व ज़िला क्रीड़ा अधिकारी एच डी क़ुरैशी, पूर्व सहायक ज़िला क्रीड़ा अधिकारी महोबिया सर, दिनेश साहू, जितेन्द्र वैष्णव, सौरभ सिंह कोच एवं सचिव अविनाश चौहान, जय किशन चौहान, राजा जोशी ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### खबर संक्षेप

## जिले में 22 मार्च को ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कवर्धा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा जिले में ग्राहक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 22 मार्च को एक महत्वपूर्ण नागरिक प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ग्राहक अधिकारों व उपभोक्ता संरक्षण कानून पर होगा विशेष व्याख्यान यह कार्यक्रम रविवार को शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक आत्मानंद स्कूल सभागार, रानी दुर्गावती चौक, कवर्धा में आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान किया जा रहा है। आयोजन में ग्राहक अधिकारों, उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में ग्राहक अधिकारों पर विशेष व्याख्यान, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों की जानकारी तथा प्रबोधन सत्र शामिल रहेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य आम नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उपभोक्ता संरक्षण के प्रति समझ विकसित करना है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में जिले के पदाधिकारी, सदस्य एवं आम नागरिकों की भागीदारी अपेक्षित है। सह प्रांत प्रमुख (विधि आयाम) अधिवक्ता अनुराग त्रिपाठी ने सभी संबंधितों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

## ग्राम जुनवानी नर्मदा धाम में चल रहा पंचकुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्राम जुनवानी नर्मदा धाम में चल रहे पंचकुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस में दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि श्री शिव महापुराण साक्षात शिव जी के वांगमय स्वरूप हैं शिव महापुराण और भगवान श्री शिव जी दोनों एक ही हैं। संपूर्ण जिले के कल्याण एवं सुख शांति के लिए यज्ञ एवं श्री शिव महापुराण की कथा का आयोजन किया गया है। शिव का अर्थ कल्याण होता है।

श्री शिव महापुराण में कहा गया है कि भगवान शिव जी का नाम गंगा है और भस्म यमुना है रुद्राक्ष सरस्वती है जिनके शरीर में ये तीनों है उसे प्रयागराज का लाभ यही मिल जाएगा। प्रयागराज में प्रवेश करते ही एक-एक पग चलने से यज्ञ करने का पुण्य मिलता है। प्रयागराज का विस्तार 5 पांच योजन है। तीर्थराज प्रयाग में श्री शिव महापुराण की कथा का शुभारंभ हुआ है। श्री शिव महापुराण की कथा सुनने से पाप नष्ट होता है, भक्ति ज्ञान और वैराग्य की प्राप्ति होती है। भगवान श्री शिव जी समन्वय के देवता हैं वहां देवता दानव मानव सभी आते हैं। यह यज्ञ आपका है सभी को हवन और भण्डारे के लिए चांवल तिल जौ गुड़ गाय का घी दान करना है। भण्डारे के लिए चांवल दाल आटा तेल सब्जी मसाला और धन का दान करें। सलधा सवालाख शिवलिंग का मंदिर बन रहा है जिसमें 5100 रुपए देकर पति-पत्नी अपने नाम से एक शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं। या अपने परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं। प्रातः काल से यज्ञ भगवान की पूजा होगी जो लगभग 1 एक बजे तक चलेगी और 1 एक बजे से कथा मंच प्रारंभ हो जाएगा जो हरि इच्छा तक चलेगा। यह कार्यक्रम 19 मार्च से 27 मार्च तक चलेगा।

आयोजक जिला साहू संघ और मां कर्मा माता जुनवानी समिति ने सभी लोगों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आ कर यज्ञ भगवान का दर्शन कर श्री शिव महापुराण की कथा सुनकर जीवन को सफल बनावें। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को शोभायात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क गढ्ढे में तब्दील, मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत कोलेगांव से अमलीमालगी मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क लगभग 2 किलोमीटर की दूरी है लेकिन आज की स्थिति में जगह-जगह गड्ढा में तब्दील होते जा रहे हैं पूरी तरह से जर्जर की स्थिति में है जबकि शासन प्रशासन के द्वारा 5 साल की गारंटी में रहता है लेकिन अभी फिर हाल इस वर्ष मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ है सड़क का जबकि प्रत्येक वर्ष जो गारंटी में रहता है उसका नया साल की शुरुआत में मरम्मत कार्य होता है साइड का साफ-सफाई नाली का भी साफ-सफाई एवं पुलिया का रंग पुताई होता है लेकिन इसमें तो ऐसा कुछ कार्य दिखाई नहीं दे रहा है अगर 5 साल की गारंटी में है तो इन सड़कों का मरम्मत किया जाए क्योंकि जगह-जगह गड्ढा हो गया है जिसमें आने जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और अगर 5 साल की गारंटी खत्म हो गया हो तो तत्काल इन सड़कों का नवीनीकरण के लिए स्वीकृत राशि जारी किया जाए क्योंकि यह सड़क 2 किलोमीटर भले ही है लेकिन बहुत ही उपयोगी सड़क है इन्हीं सड़कों से गुजर कर छात्र-छात्राओं द्वारा कोलेगांव हाई स्कूल एवं कुंडा कॉलेज के लिए आना जाना करते है। साथ ही साथ 102 महतारी गाड़ी का भी आना जाना रहता है जो महिलाओं को जजकी के लिए हॉस्पिटल आना जाना होता है। शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द इन सड़कों का जगह-जगह गड्ढा हो गया है उसका तत्काल मरम्मत कार्य किया जाए अगर समय अवधि है तो अगर नहीं है तो जल्द से जल्द इन सड़कों के लिए स्वीकृत राशि जारी किया जाए ताकि आने जाने वाले राहगीर को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

### जन्मदिन पर माता से लिया आर्शीवाद



हरिभूमि न्यूज कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया की ग्राम कोलेगांव के निवासी दिनेश पाण्डेय अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर मां महामाया शीतला मंदिर में जाकर माता रानी एवं ज्योति कलश का दर्शन कर विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए अपने घर परिवार क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि के लिए कामना किया और अपने उज्जवल भविष्य के लिए कामना किया हम पर सदा कृपा बनाए रखना मां आपके हाथ मेरे सर में सदा बने रहे मां मेरी खुशी तेरे चरणों में कहकर वही माता रानी से आशीर्वाद लिया।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा भोरमदेव मंडल के उपाध्यक्ष बने कलीराम भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की सगठनात्मक विस्तार के तहत पार्टी नेतृत्व ने कलीराम भारती को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा भोरमदेव मंडल के उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है उनकी इस नियुक्त से जिले सहित पूरे ग्रामीण अंचलों में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है नवनियुक्त भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा भोरमदेव मंडल के उपाध्यक्ष कलीराम भारती लंबे समय से पार्टी संगठन में सकिय रहकर विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं संगठन के प्रति उनकी निष्ठा जनसरोकारो के प्रति संवेदनशीलता एवं निरंतर सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी गई है नियुक्त के बाद कलीराम भारती ने पार्टी के शीर्ष नेताओं पर आभार व्यक्त करते हुए कहा जो मेरे ऊपर विश्वास पार्टी ने जाताया हैं उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे उन्होंने अनुसूचित जाति समाज के हितों संगठन की मजबूती एवं भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया उनकी नियुक्ति पर भाजपा पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं देते हुए।

इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया ग्रामीण मंडल स्तर पर पद मिलने से अनुसूचित जाति के लोगो में भारी उत्साह और भाजपा पार्टी को आभार व्यक्त करते हुए हर्ष जताया वे पूर्व में जनपद सदस्य के पद पर जनप्रतिनिधि रह चुके हैं

## सोसाइटी से धान उठाव में देरी विभागीय कर्मचारी परेशान



- दो माह बाद भी केवल 50 प्रतिशत उठाव, तेज गर्मी में खुले में रखा धान।

हरिभूमि न्यूज ⏭रणवीरपुर

जिले के रंजीतपुर सोसाइटी में धान उठाव की धीमी रफ्तार से विभागीय कर्मचारी और स्थानीय किसान परेशान हैं। जानकारी के अनुसार धान खरीदी को लगभग दो माह बीत चुके हैं, लेकिन अब तक केवल 50 प्रतिशत धान का ही उठाव हो पाया है। जनकारी के अनुसार उठाव की प्रक्रिया अत्यंत धीमी होने के कारण सोसाइटी परिसर में बड़ी मात्रा में धान खुले में पड़ा हुआ है। तेज धूप और मौसम के प्रभाव से धान की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। वर्तमान में क्षेत्र में तापमान लगभग 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, ऐसे में सोसाइटी के कर्मचारी प्रतिकूल परिस्थितियों में धान की रखवाली करने को मजबूर हैं। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से उठाव नहीं होने के कारण कार्य का दबाव बढ़ गया है और व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी मांग उठ रही है कि संबंधित विभाग शीघ्र धान उठाव की प्रक्रिया को तेज करे, ताकि किसानों और कर्मचारियों को राहत मिल सके तथा धान के नुकसान से बचाव हो सके। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि स्थिति का संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## शिशु मंदिर के बच्चों ने मनाया हिंदू नववर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में हिंदू नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम प्रबंधन शिक्षा समिति के संरक्षक हेमराय सिन्हा, व्यवस्थापक अलखराम साहू ने भारत माता, श्री राम एवं हेडगेवार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात भैया बहनों ने राम, सीता, लक्ष्मण हनुमान का वेश धारण कर भजन के साथ शोभायात्रा निकाला। अंत में राष्ट्रीय स्वयं सेवक ने आद्य सरसंघचालक प्रणाम किया। कार्यक्रम में डामन जोशी, आशा साहू, कुलेश्वरी साहू, राधा इंदौरिया, प्रियंका देशमुख, इंद्रजीत साहू, डीकेश साहू, अर्चना यदु, भूपेश्वरी साहू, तोरण सोनकर, पालेंद्र नेताम, विनीता साहू उपस्थित थे।

### माता चौक को तोरण से सजाया फ़टाके फोड़े गए व हिंदू ध्वज फहराया गया

## भाजपा मण्डल कुण्डा ने भारत चौक में मनाया हिंदू नव वर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



भाजपा मण्डल कुण्डा ने मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के नेतृत्व में एवं महामंत्री मनहरण साहू के कुशल मार्ग दर्शन में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नंदलाल चंद्राकर के गरिमामय उपस्थिति में हिंदू नव वर्ष जिसे नव संवत्सर (विक्रम संवत 2083) कहा जाता है मनाया गया। वही चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को शुरू होने वाला त्यौहार नई शुरुवात समृद्धि और बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है यह त्यौहार परिवार और समाज में सकारात्मकता नई ऊर्जा और एकता का संदेश देता है इसी दिन से चैत्र नवरात्रि के नव दिवसीय शक्ति उपासना पर्व का भी शुभारंभ हुआ है। मान्यता है कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान ब्रम्हा ने सृष्टि की रचना की थी। इस बार 19 मार्च 2026 गुरुवार को भारत वर्ष में बड़े धूमधाम से हिन्दू नव वर्ष मनाया गया इसी क्रम में भाजपा मण्डल कुण्डा ने भी 19 मार्च 2026 गुरुवार को मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी महामंत्री मनहरण साहू के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष नन्दलाल चंद्राकर एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में आतिशबाजी कर बड़े धूमधाम से हिंदू नव वर्ष मनाया हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर भारत माता चौक में तोरण लगाकर एवं भारत माता की विधिवत पूजा अर्चना कर सनातनी ध्वज विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष नंदलाल चंद्राकर मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, महामंत्री मनहरण साहू एवं कार्यकर्ताओं द्वारा हिन्दू ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष नंदलाल चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, महामंत्री मनहरण साहू, उपाध्यक्ष संतोष ध्रुव सोसायटी अध्यक्ष अमन खनूजा कॉलेज अध्यक्ष परसोत्तम निर्मलकर, देवेंद्र चंद्रवंशी, राजू श्रीवास्तव, राजकुमार कश्यप, साहेब लाल, सोनवानी राजेश यादव, सूरज यादव प्रताप सेन मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा बबली साहू महामंत्री साजन सारथी लव साहू पन्ना साहू सहित भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चा ओबीसी मोर्चा युवा मोर्चा अजा मोर्चा अजजा मोर्चा अल्पसंख्या मोर्चा किसान मोर्चा शिक्षा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### महापरीक्षा अभियान के लिए जागरूकता रैली



**बोड़ला।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आकलन परीक्षा के लिए ग्राम पंचायत बैरख के शासकीय हाई स्कूल बैरख, माध्यमिक विद्यालय, आश्रम बैरख के बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा 22 मार्च को महा परीक्षा अभियान में शामिल होने के लिए घर घर लोगों से संपर्क किया गया एवं जन जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य सोहन यादव ने बताया कि महापरीक्षा अभियान में रानीदहरा, ढोलबज्जा ग्राम पंचायत में एवं चोरभट्ठी ग्राम पंचायत में भी बच्चों एवं शिक्षकों ने जन जागरूकता रैली निकाली। दीप से दीप जलाएंगे, साक्षर भारत बनाएंगे इन नारों के साथ गांव में जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में संकुल प्राचार्य सोहन यादव, संकुल समन्वयक तीज राम विश्वकर्मा, व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर, उल्लास प्रभारी प्रधान पाठक श्रीमती आरती झारिया, देवेन्द्र खरे, ग्राम पंचायत बैरख सचिव जगेसर मरकाम एवं शिक्षक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

### बैरख हाई स्कूल में मनाया गया विश्व गौरैया दिवस



**बोड़ला।** 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस शासकीय हाई स्कूल बैरख के प्रांगण में मनाया गया। संस्था के प्राचार्य सोहन यादव ने बताया कि विश्व गौरैया दिवस को गौरैया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसके अलावा ये शहरी वातावरण में रहने वाले आम पक्षियों के प्रति जागरूकता लाने हेतु भी मनाया जाता है। विश्व गौरैया दिवस की शुरुआत 20 मार्च सन् 2010 में पक्षी संरक्षण संगठन नेचर फॉरएवर द्वारा की गई है। इसका उद्देश्य गौरैया की घटती आबादी के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना था। सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी गण पक्षियों के लिए दाना पानी अपने घरों की छत पर रखने की शपथ भी लिए हैं। कार्यक्रम में व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

### प्रधान पाठक विजय कुमार लंझियाना सम्मानित



**कवर्धा।** राज्य स्तरीय सम्मान समारोह शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा वृंदावन हॉल रायपुर में गत दिनो आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुश्री मोना सेन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती कविता प्राण लहरी विधायक बिलाईगढ़, श्रीमती मीना भारद्वाज अध्यक्ष, संजय कुमार मैथिल संस्थापक शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ उपस्थित रहे। समारोह में छत्तीसगढ़ के समाजसेवी, शिक्षक, शिक्षिकाओं, कलाकार जो सामाजिक सेवा, शिक्षा, साहित्य कला, संस्कृति, महिला सशक्तिकरण जैसे उल्लेखनीय कार्यों के लिए राज्य स्तरीय कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए विजय कुमार लंझियाना प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मजगांव विकासखंड सहसपुर लोहारा को कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

### जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन अधिनियम 2002 के प्रावधानों के अनुरूप तथा जिले में औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक दिनांक 19 मार्च 2026 को कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक कलेक्टर जिला कबीरधाम के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में उद्योग स्थापना को प्रोत्साहित करने, निवेशकों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं की समीक्षा तथा उद्योग स्थापना में आने वाली कठिनाइयों के निराकरण के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। नवीन उद्योग स्थापना हेतु उपलब्ध लैण्ड बैंक की स्थिति, प्राप्त निवेश प्रस्तावों पर विचार-विमर्श तथा नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास की संभावनाओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर राज्य शासन की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न अनुदान प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। अपर कलेक्टर द्वारा जिले में स्थापित औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा, तहसील बोड़ला के अंतर्गत संचालित उद्योगों की स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई तथा चालू वित्तीय वर्ष में स्थापित नए उद्योगों की प्रगति से समिति को अवगत कराया गया। बैठक में वन विभाग, श्रम विभाग, खनिज विभाग, नगर तथा ग्राम निवेश, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**अनदेखी: साल दर साल बीत गए पर निर्माण के नाम पर नहीं लग पाई एक ईंट**

# स्वीकृति के बाद भी वनांचल में जनमन के छात्रावास का अब तक अता पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं जब प्रशासनिक लेटलतीफी की भेंट चढ़ती हैं, तो उसका खामियाजा दूरस्थ अंचल के उन मासूमों को भुगतना पड़ता है जिनके पास बेहतर शिक्षा के लिए शहर जाने का साधन नहीं है। पीएम जनमन योजना के तहत कबीरधाम जिले के आदिवासी क्षेत्र कोदवागोडान में 100-सीटर बालक छात्रावास की स्वीकृति को अब दो साल का लंबा वक्त बीत चुका है, लेकिन धरातल पर स्थिति शून्य है। एक साल पहले भी इसी समाचार पत्र ने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था कि निर्माण के लिए आवंटित राशि और प्रशासनिक स्वीकृति के बावजूद काम शुरू नहीं हुआ है। उस समय लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने राशि आवंटन में देरी और टेंडर प्रक्रिया का हवाला दिया था। लेकिन आज एक साल और बीत जाने के बाद भी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बच्चे अभी भी उस छात्रावास की राह देख रहे हैं जिनका सपना उन्हें दो साल पहले दिखाया गया था।

### अवैध कब्जा व गलत स्थल चयन से अटका निर्माण




स्थानीय पंचायत सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कोदवागोडान में स्वीकृत 100 सीटर छात्रावास का निर्माण कार्य स्थल चयन की समस्याओं के कारण अधर में लटका हुआ है। बताया जा रहा है कि गांव के आसपास की शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जे (बेजा कब्जा) होने के कारण प्रशासन को उपयुक्त भूमि नहीं मिल पा रही है। वहीं छात्रावास के लिए पूर्व में जिस स्थान का चयन किया गया था, बताया जाता है कि वह स्थान भौगोलिक दृष्टि से बच्चों के रहने के लिए अनुपयुक्त है। एक तो यह स्थान मुख्य मार्ग से काफी गहराई में स्थित है और उबड़-खाबड़ (खाई नुमा) है। दूसरा बरसाती नाले के समीप होने और ऊपरी हिस्से में खेत होने के कारण यहां बारिश के पानी का तेज बहाव बना रहता है। इसके अलावा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस भूमि को समतल और निर्माण के अनुकूल बनाया जाता है, तो परियोजना के बजट का एक बड़ा हिस्सा केवल जमीन सुधार में ही खर्च हो जाएगा। संभवतः इसी कारण से कोई ठेकेदार रुचि नहीं ले रहा हो और निर्माण शुरू होने में देरी का कारण यह भी हो।

### क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से की मांग

स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन के उच्चाधिकारियों से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि प्रशासन को गंभीरता दिखाते हुए शीघ्र ही किसी अन्य उचित स्थल का चयन करना चाहिए ताकि निर्माण कार्य शुरू हो सके। ग्रामीणों का तर्क है कि इस परियोजना में देरी का सीधा असर आदिवासी बच्चों की शिक्षा और भविष्य पर पड़ रहा है। उचित छात्रावास की सुविधा मिलने से ही क्षेत्र के आदिवासी बच्चों को शिक्षा का बेहतर वातावरण मिल सकेगा। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में कब तक उपयुक्त स्थल का चयन करते हुए छात्रावास निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर पाता है।

### ग्रामीणों और छात्रों में आक्रोश

वनवासी अंचल के पालकों को उम्मीद थी कि इस सत्र तक शासन प्रशासन द्वारा जिले के वनांचलों में स्वीकृत किए गए छात्रावासों का निर्माण पूर्ण करा देगा और उनके बच्चे नए भवन में होंगे, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिलता है। उनका मानना है कि प्रशासन की यह अनदेखी उनके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। डिजिटल इंडिया और शिक्षा के अधिकार के दौर में, पीवीटीजी वर्ग के बच्चों के लिए स्वीकृत भवनों का न बनना सिस्टम की विफलता को दर्शाता है। यदि अब भी प्रशासन नहीं जागा, तो इन क्षेत्रों में शिक्षा का ग्राफ गिरना निश्चित है। शासन प्रशासन की स्वीकृत छात्रावासों के निर्माण में बरती जा रही इस घोर लापरवाही व उपेक्षा से क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश भी देखने को मिल रहा है।

### प्रक्रिया जारी है, जल्द प्रारंभ होगा निर्माण कार्य

कोदवागोडान में तीन बार टेंडर लगने के बाद पुन: टेंडर लगा है। स्थल परिवर्तन की प्रक्रिया जारी है, उपयुक्त स्थान चिन्हांकित होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

**श्री घाडगे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग**

# चैत्र नवरात्रि पर्व पर गन्ना किसानों को मिली बड़ी सौगात

## भोरमदेव शक्कर कारखाने ने जारी किए 5.97 करोड़



- उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर गन्ना किसानों को बड़ी सौगात मिली है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित, राम्हेपुर (कवर्धा) द्वारा गन्ना किसानों को 5.97 करोड़ की राशि जारी की गई है।

इसके साथ ही कारखाना द्वारा अब तक गन्ना किसानों को 57.48 करोड़ का भुगतान पूर्ण किया जा चुका है। नियमित और समयबद्ध भुगतान से क्षेत्र के किसानों में उत्साह, संतोष और प्रसन्नता का वातावरण बना हुआ है। कलेक्टर एवं कारखाने के प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में भुगतान प्रक्रिया निरंतर जारी है, जिससे सहकारी व्यवस्था में किसानों का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। कारखाना प्रबंधन ने बताया कि यह निरंतरता किसानों की आर्थिक मजबूती के साथ-साथ कारखाने के सुचारु संचालन को भी स्थायित्व प्रदान कर रही है।

कारखाना प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार चालू पेराई सत्र में 255818 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई तथा 3,09,120 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है। यह उपलब्धि किसानों के सहयोग, जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और कारखाने की बेहतर कार्यक्षमता का संयुक्त परिणाम मानी जा रही है।

### किसानों एवं श्रमिकों के हित में निरंतर कार्य

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना क्षेत्र के किसानों की आर्थिक और सामाजिक उन्नति का मजबूत आधार बना हुआ है। कारखाने द्वारा **FRP** के अतिरिक्त रिकवरी राशि का भुगतान, शासन द्वारा प्रदत्त बोनस, रियायती दर पर शक्कर वितरण, उन्नत बीज उपलब्ध कराना, किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कारखाना परिसर में किसानों के लिए सर्वसुविधायुक्त बलराम सदन, तथा मात्र 5 रूपए में गरम भोजन की कैंटीन सुविधा सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### कारखाने के प्रमुख योगदान

कारखाने के द्वारा स्थापना के समय से आज तक किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है तथा प्रारंभ से ही जिले की अर्थव्यवस्था के इंजन के रूप में कार्य किया जा रहा है। गन्ने की फसल के लिए किसानों को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य की गारंटी प्रदान करना, जिससे उनका आर्थिक हित सुरक्षित बना रहे। प्रदेश में फसल विविधता को बनाए रखने तथा शासन की नीति अनुसार धान के बदले अन्य फसलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका। क्षेत्र के लोगों के लिए स्थायी रोजगार उपलब्ध कराना। गन्ना फसल के लिए संपूर्ण इकोसिस्टम विकसित करना, जिसमें बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि यंत्र, परिवहन एवं कटाई आदि से जुड़े हजारों लोगों के लिए अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन। प्रदेश की पीडीएस व्यवस्था के अंतर्गत शक्कर वितरण हेतु नागरिक आपूर्ति निगम को बाजार मूल्य से कम दर पर शक्कर उपलब्ध कराना, जिससे प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान। जिला कबीरधाम के स्थानीय बाजार को वित्तीय तरलता प्रदान कर उसके विकास में योगदान देना।

# परीक्षा कार्य में लापरवाही, प्रधान पाठक निलंबित, विभाग का सख्त एक्शन

- उत्तर पुस्तिकाएं समय पर जमा न करने से परीक्षा कार्य प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कवर्धा द्वारा परीक्षा कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में बोड़ला ब्लॉक के एक प्रधान पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई विकासखंड शिक्षा अधिकारी बोड़ला से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शासकीय आदिवासी बालक आश्रम मिनिमिनिया जंगल, विकासखंड बोड़ला में पदस्थ प्रधान पाठक बनऊ राम मेरावी को सत्र 2025-26 की केन्द्रीकृत परीक्षा के लिए प्राथमिक शाला बोदलपानी में केन्द्राध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बताया जाता है कि गत 16 मार्च 2026 को परीक्षा समाप्ति के बाद निर्धारित समयावधि तक उत्तर पुस्तिकाएं संकलन केन्द्र में जमा नहीं की गईं, जिससे परीक्षा कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। विभाग ने इसे कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही मानते हुए कार्रवाई की है। जिला शिक्षा अधिकारी ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए बनऊ राम मेरावी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बोड़ला कार्यालय निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील माना गया है।

### योगेश वर्मा भाजपा सोशल मीडिया जिला कार्यकारणी सदस्य नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक मितुल कोठारी, दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला संगठन प्रभारी महेश वर्मा, जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी एवं जिला संयोजक भाजपा सोशल मीडिया कबीरधाम गजेन्द्र तंबोली की अनुशंसा से भाजपा स./लोहारा मंडल के, संघर्षशील निष्ठावान युवा कार्यकर्ता योगेश वर्मा को भाजपा सोशल मीडिया जिला कार्यकारणी सदस्य के रूप में नवीन दायित्व सौंपा गया है। योगेश वर्मा का अपने समाज में भी अच्छी पकड़ हैं वे वर्तमान में तिरेला कुर्मी क्षत्रिय समाज के छ.ग. प्रदेश मीडिया प्रभारी भी हैं। योगेश ने अपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से संगठन के हित में कार्य करेंगे।

### जिले में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ



**कवर्धा।** जिले में शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कवर्धा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुरे द्वारा बच्चों को विटामिन ए सिरप पिलाकर किया गया। यह अभियान 21 अप्रैल 2026 तक निर्धारित तिथियों में जिलेभर के स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में संचालित होगा। अभियान के तहत जिले में 93,273 बच्चों को विटामिन ए तथा 98,759 बच्चों को आयरन सिरप (आईएफए) पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डॉ. तुरे ने बताया कि 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में कुपोषण जनित बीमारियों को कम करने के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को वर्ष में दो बार विटामिन ए अनुपूरण एवं 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन सिरप प्रदान किया जाएगा। शिशु संरक्षण माह के दौरान विभिन्न सत्रों में बच्चों को विटामिन ए एवं आयरन सिरप देने के साथ-साथ नियमित टीकाकरण, वजन मापन, गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान तथा उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्रों में उपचार एवं आहार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी ने बताया कि अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पूर्व में प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि कोई भी पात्र बच्चा इस लाभ से वंचित न रह जाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुरे ने सभी पालकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या आंगनबाड़ी केन्द्र में जाकर बच्चों को विटामिन ए एवं आयरन सिरप अवश्य पिलाएं, जिससे बच्चों का समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास सुनिश्चित हो सके।

**संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने राजस्व अधिकारियों की ली बैठक**

# संभागायुक्त ने लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा उपस्थित रहे। संभाग आयुक्त ने समय सीमा से अधिक लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी मामलों का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए तय समय सीमा के भीतर पूरा करना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ काम करें, ताकि लोगों को भटकना ना पड़ें। आम जनता की समस्याओं का समय पर समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। संभाग आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यों की नियमित समीक्षा करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों का त्वरित व प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। संभाग आयुक्त राठौर ने त्रुटि-सुधार प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि त्रुटि सुधार शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इस कार्य में विशेष सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा कि कई प्रकरण अपील स्तर तक पहुंच रहे हैं, अतः सभी मामलों में नियमानुसार सुनवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण में संबंधित पक्षकारों को अनिवार्य रूप से नोटिस जारी किए जाएं, ताकि समयबद्ध सुनवाई एवं निराकरण संभव हो सके और आम जनता को अनावश्यक भटकना न पड़े। पट्टा संबंधी मामलों पर उन्होंने कहा कि इस विषय में अनेक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिनकी गंभीरता से जांच आवश्यक है। आवश्यकता पड़ने पर ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर समस्याओं का समाधान किया जाए। संभाग आयुक्त ने सीमांकन एवं नक्शा बटांकन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस दिशा में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि इन मामलों में अक्सर विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है, जिसका समय पर निराकरण करना राजस्व अधिकारियों की जिम्मेदारी है। विशेष रूप से एसडीएम को इन प्रकरणों पर गंभीरता से ध्यान देने के निर्देश दिए गए, ताकि आम जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सप्ताह में निर्धारित दो से तीन दिन नियमित रूप से राजस्व न्यायालय का आयोजन करें। उन्होंने कहा कि कोर्ट की तिथियों की जानकारी आम जनता को पहले से उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक भटकना न पड़े और उन्हें समय पर न्याय मिल सके।

# चिल्फी पुलिस के नाक के नीचे ढाबे में अफीम डोडा चूरा की सप्लाई

- जिला पुलिस का सूचना तंत्र पूरी तरह से फेल : नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कवर्धा जिले के चिल्फी क्षेत्र में अवैध अफीम डोडा चूरा के बड़े कारोबार का खुलासा होने के बाद कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं चिल्फी घाटी में खुलेआम ढाबे पर नशे का कारोबार लंबे समय से फल-फूल रहा था, लेकिन स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

मामले का पर्दाफाश तब हुआ जब दुर्ग पुलिस टीम ने पालक-चिल्फी रोड स्थित एक राजस्थानी ढाबे पर छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार किया? यह घटना साफ दर्शाती है कि चिल्फी घाटी पुलिस के नाक के नीचे अवैध नशे का कारोबार बेखौफ जारी था, और स्थानीय स्तर पर निगरानी पूरी तरह फेल रही।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने इस पूरे मामले पर कहा कि यह सिर्फ एक कार्रवाई नहीं बल्कि पूरे सिस्टम की नाकामी का सबूत है। जब दूसरे जिले की पुलिस आकर कार्रवाई करती है, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि स्थानीय पुलिस अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल रही है उन्होंने कहा कि चिल्फी क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे नशे के अवैध कारोबार से युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है, लेकिन शासन-प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

आखिर इतने लंबे समय से चल रहे इस अवैध कारोबार की जानकारी स्थानीय पुलिस को क्यों नहीं हुई क्या इस पूरे मामले में प्रशासन की मिलीभगत है ढाबों की नियमित जांच क्यों नहीं की जा रही थी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस पूरे मामले में प्रदेश सरकार की नीतियों और कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा होता है।

क्षेत्रीय विधायक एवं गृहमंत्री विजय शर्मा को इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए कि उनके क्षेत्र में नशे का कारोबार इतनी आसानी से कैसे फल-फूल रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक की कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में है और चिल्फी पुलिस की लापरवाही अब खुलकर सामने आ चुकी है।

नवीन जायसवाल ने कहा कि और अब रायगढ़ में भी अफीम की खेती पकड़ी है ऐसा लगता है कि पूरे छत्तीसगढ़ में अफीम की खेती शासन और प्रशासन के शह पर की जा रही है, जो प्रदेश में नशे के अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रही है और युवा इसमें बर्बाद हो रहा है।